आईआईएम में वेबिनार का आयोजन किया गया

रांची। आईआईएम रांची के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस अटल बिहारी वाजपेयी सेंटर फॉर लीडरशिप, पॉलिसी एंड गवर्नेंस (एबीवीसीएलपीजी) की ओर से शुक्रवार को वेबिनार हुआ। इसमें मुख्य वक्ता के रूप में डॉ पीजी रघुरामन मौजूद थे। उन्होंने संकट से मुकाबला करने की हिम्मत, विषय पर बात की। उन्होंने आर्थिक संकट, व्यापार युद्ध, कोविड-19 संकट, नई डिजिटल और कृत्रिम बुद्धिमत्ता आदि पर बात की। आईआईएम के निदेशक डॉ शैलेंद्र सिंह ने अटल बिहारी वाजपेयी सेंटर फॉर लीडरशिप, पॉलिसी और गवर्नेंस के इतिहास के बारे बताया। साथ ही, उन्होंने उन विशिष्ट लोगों के बारे में बताया, जो इसमें व्याख्यान दे चुके हैं।

Hindustan, 25.07.2020, Pg. 04